38. ऊष्मागति का प्रथम नियम दर्शाता है कि $\Delta U = \Delta Q - \Delta W$ जहां संकेतों के प्रचलित अर्थ हों । निम्न में से कौन सी राशि (याँ) केवल आरंभिक और अंतिम अवस्था पर निर्भर करती है (हैं) और इन अवस्थाओं के बीच तंत्र के पथ से स्वतंत्र है (हैं)

1. ΔQ
2. ΔW
3. ΔU
4. ΔU और ΔW

38. The first law of thermodynamics states that $\Delta U = \Delta Q - \Delta W$, where the symbols have their usual meaning. Which one of the following quantity(ies) depend(s) only on the initial and the final state, and is (are) independent of the path of the system between these states?

1. ΔQ
2. ΔW
3. ΔU
4. ΔU and ΔW

39. एक पात्र में भरी आदर्श गैस पर विचार कीजिए जो एक निर्वातित पात्र में जा रही है और इस पूरे तंत्र को वियुक्त कर दिया गया है । मान लीजिए V_1 और V_2 गैस के आरंभिक और अंतिम आयतनों के द्योतक हैं । तंत्र की एंट्रापी में वृद्धि होती है

1. Zero
2. $R \ln \frac{V_2}{V_1}$
3. $\frac{1}{T}\int_{V_1}^{V_2} du + R \ln \frac{V_2}{V_1}$
4. $\frac{1}{T}\int_{V_1}^{V_2} du$

39. Consider a perfect gas in a vessel rushing into an evacuated vessel and let the whole system be isolated. Let V_1 and V_2 denote the initial and final volumes of the gas. The increase in entropy of the system is

1. Zero
2. $R \ln \frac{V_2}{V_1}$
3. $\frac{1}{T}\int_{V_1}^{V_2} du + R \ln \frac{V_2}{V_1}$
4. $\frac{1}{T}\int_{V_1}^{V_2} du$

40. एक स्थिर आयतन पर ऊष्मिक संतुलन बनाने के लिए तंत्र निम्न में से किस को न्यूनतम करता है

1. S
2. H = E + pV
3. G = U - TS + pV
4. F = U -TS

जहां संकेतों के प्रचलित अर्थ हैं ।

40. In order to attain thermal equilibrium at a fixed volume, the system minimises

1. S
2. H = E + pV
3. G = U - TS + pV
4. F = U -TS

where the symbols have their usual meaning.

41. एक शुद्ध पदार्थ में कण घनत्व की घट-बढ़ सबसे अधिक, निम्न में से किस बिंदु पर होती है

1. उसके हिमांक पर
2. उसके क्वथनांक पर
3. उसके क्रांतिक बिंदु पर
4. उसके त्रिक बिंदु पर

41. The particle density fluctuations in a pure substance are maximum at

1. its freezing point
2. its boiling point
3. at critical point
4. at triple point

42. एक निर्वात कक्ष 200 लिटर प्रति सेकेंड (l/s) के चालकत्व के एक पाइप के माध्यम से एक पंप से जुड़ा हुआ है । यदि पंप की पंप करने के गति 300 l/s है तब कक्ष किस गति से पंपित हो रहा है ।

1. 100 l/s
2. 120 l/s
3. 150 l/s
4. 500 l/s

42. A vacuum chamber is connected to a pump through a pipe of conductance 200 litres per second (l/s). If the pumping speed of the pump is 300 l/s. then the chamber is being pumped at a speed of

1. 100 l/s
2. 120 l/s
3. 150 l/s
4. 500 l/s

43. एक सिंगल स्टेज रोटरी पंप में दूसरी स्टेज जोडने का सबसे बड़ा लाभ होता है

1. पंप करने की गति को सब दाबों पर बढ़ाना
2. विस्थापन में वृद्धि करना
3. चरम निर्वात को घटाना
4. पंप में उत्पन्न होने वाले शोर को कम करना ।

43. The most useful feature of adding the second stage to a single stage rotary pump is

1. increasing the pumping speed at all pressures
2. increasing the displacement
3. decreasing the ultimate pressure
4. decreasing the noise of the pump.

44. निम्न में से कौन सा निर्वात गेज न्यूनतम दाब को माप सकता है

1. थर्मोकपल गेज
2. पिरानी गेज
3. पेन्निंग गेज
4. गर्म कैथोड गेज

44. Which one out of the following vacuum gauges can read the least pressure?

1. Thermocouple gauge
2. Pirani gauge
3. Penning gauge
4. Hot cathode gauge

45. एक नमूने की वाष्पशीलता को 15K पर मापना है । यह ताप निम्न में से किसका उपयोग करके प्राप्त किया जा सकता है ।

1. हिमकारी मिश्रण
2. द्रव हीलियम
3. सूखी बर्फ
4. द्रव नाइट्रोजन

45. The resistivity of a sample is to be measured down to 15K. This temperature can be obtained using
1. freezing mixture
2. liquid helium
3. dry ice
4. liquid nitrogen

46. यदि सोडियम वाष्प में सफेद प्रकाश गुजारा जाता है तब परिणामी प्रकाश के स्पेक्ट्रम में अवशोषण बैंड निम्न में से किसके द्योतक होते हैं
1. सोडियम की सूनट श्रेणी की प्रथम पंक्ति के
2. सोडियम की मुख्य श्रेणी की प्रथम पंक्ति के
3. सोडियम की सूनट श्रेणीके प्रथम तीन पंक्तियों के
4. सोडियम की मुख्य श्रेणी की सब पंक्तियों के

46. If white light is passed through sodium vapour, the dark band(s) in the spectrum of the outcoming light will correspond to
1. 1st line of the sharp series of sodium
2. 1st line of the principal series of sodium
3. first three lines of the sharp series of sodium
4. All the lines of the principal series of sodium

47. न्यूट्रान पुंज का उपयोग करके ठोसों की क्रिस्टल संरचना का अध्ययन करने के लिए आपतित न्यूट्रानों की ऊर्जा की कोटि निम्न में से कौन होनी चाहिए
1. MeV
2. KeV
3. eV
4. meV

47. To study the crystal structure of solids using neutron beam, the energy of incident neutrons should be of the order of
1. MeV
2. KeV
3. eV
4. meV

48. निम्न में से कौन सा संसूचक उच्च विभेदन गामा किरण स्पेक्ट्रोस्कोपी में उपयोग के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होता है
1. GM tube
2. NaI(Tl)
3. Ge(Li)
4. Si (Li)

48. Which of the following detectors is best suited for use in high resolution gamma ray spectroscopy ?
1. GM tube
2. NaI(Tl)
3. Ge(Li)
4. Si (Li)

49. एक रेडियोधर्मी स्रोत से समय t=0 पर गणन दर 8000 काउंट/सें. है । दस मिनट बाद दर 1000 कांउट हो जाती है । स्रोत की अर्द्ध आयु निम्न में से कौन है

1. 8 मिनट
2. $4\frac{2}{3}$ मिनट
3. $3\frac{1}{3}$ मिनट
4. 2 मिनट

49. The counting rate from a radioactive source is 8000 counts/sec at time t=0. Ten minutes later, the rate is 1000 counts/sec. The half-life of the source is

1. 8 min
2. $4\frac{2}{3}$ min
3. $3\frac{1}{3}$ min
4. 2 min

50. एक जी–एम डिटेक्टर, जिसे एक आयनकारी कण को संसूचित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, की एक स्पंद की ऊंचाई होती है

1. आयतित कण के आवेश और आयन–युग्मों की आरंभिक संख्या से स्वतंत्र
2. आयतित कण के आवेश से स्वतंत्र परंतु आयन–युग्मों की आरंभिक संख्या पर निर्भर
3. आयतित कण के आवेश और आयन–युग्मों की आरंभिक पर निर्भर
4. आयतित कण के आवेश पर निर्भर परंतु आयन–युग्मों की आरंभिक संख्या से स्वतंत्र

50. The height of a pulse from a G-M detector, used for detecting an ionizing particle, is

1. independent of the charge of the incident particle and the initial number of ion-pairs
2. dependent on the charge of the incident particle but dependent on the initial number of ion pairs
3. dependent on the charge of the incident particle and the initial number of ion-pairs
4. dependent on the charge of the incident particle but independent of the initial number of ion-pairs

51. एक 5–बिट बाइनरी काउंटर का उपयोग कन्वेयर बैल्ट पर से गुजरती हुई वस्तुओं को गिनने के लिए किया जाता है । इस बारे में प्रकाश सैल और प्रकाश स्रोत के एक युग्मन का उपयोग किया जाता है । जब भी कोई वस्तु उसके पथ को पार करती है यह युग्मन एक स्पंद उत्पन्न कर देता है । बेल्ट पर से 200 वस्तुएं गुजरने के बाद काउंटर की रीडिंग निम्न में से कौन होगी

1. 11111
2. 00000
3. 00100
4. 01000

51. A 5-bit binary counter is used to count the number of items passing on a conveyor belt. A photocell and light source combination is used to generate a single pulse each time an item crosses its path. The counter reading after 200 items are passed on a belt is :
1. 11111
2. 00000
3. 00100
4. 01000

52. एक 10–बिट डिजिटल रैम्प A/D कनवर्टर 1MHz क्लॉक का उपयोग करता है और उसका स्टेप साइज है 10mV. ADC का विभेदन निम्न में से क्या होगा
1. 0.1%
2. 0.01%
3. 0.001%
4. 1.0%

52. A 10 bit digital ramp A/D converter utilizes 1MHz clock and has a step size of 10mV. The resolution of the ADC is :
1. 0.1%
2. 0.01%
3. 0.001%
4. 1.0%

53. E_0 = 0.5 MeV ऊर्जा वाली गामा किरण का कॉम्पटन किनारा, एक NaI(Tl) संसूचक इस्तेमाल करते हुए प्रेक्षित किया गया है। संसूचक निम्न में से किस पर इस्तेमाल हो रहा था।
1. $\frac{1}{2}$ MeV
2. 1 MeV
3. $\frac{1}{4}$ MeV
4. $\frac{1}{3}$ MeV

53. The compton edge of a gamma ray having energy E_0 = 0.5 MeV is observed using a NaI(Tl) detector, at
1. $\frac{1}{2}$ MeV
2. 1 MeV
3. $\frac{1}{4}$ MeV
4. $\frac{1}{3}$ MeV

54. प्वासों कोष्टक $\left[x^2, p_x^2\right]$ का मान निम्न में से कौन है

1. $4x^2$
2. $4p_x^2$
3. $4xp_x$
4. xp_x

54. The value of Poisson bracket $\left[x^2, p_x^2\right]$ is

1. $4x^2$
2. $4p_x^2$
3. $4xp_x$
4. xp_x

55. एक दिशा में संचरण करती हुई, छोटे आयाम की उथेल पानी की तरंगे अधिकतर परिक्षेपण संबंध $\omega = -k^3$ से संबद्ध होती हैं ।
सहचारी तरंग समीकरण निम्न में से कौन है

1. $\frac{\partial u}{\partial t} + \frac{\partial^2 u}{\partial x^2} = 0$
2. $\frac{\partial^2 u}{\partial t^2} - \frac{\partial^3 u}{\partial x^2} = 0$
3. $\frac{\partial^2 u}{\partial t^2} + \frac{\partial^3 u}{\partial x^2} = 0$
4. $\frac{\partial u}{\partial t} + \frac{\partial^3 u}{\partial x^3} = 0$

55. Shallow water waves of small amplitude propagating in one direction are often associated with the dispersion relation
$\omega = -k^3$
The associated wave equation is

1. $\frac{\partial u}{\partial t} + \frac{\partial^2 u}{\partial x^2} = 0$
2. $\frac{\partial^2 u}{\partial t^2} - \frac{\partial^2 u}{\partial x^2} = 0$
3. $\frac{\partial^2 u}{\partial t^2} + \frac{\partial^2 u}{\partial x^2} = 0$
4. $\frac{\partial u}{\partial t} + \frac{\partial^3 u}{\partial x^3} = 0$

56. एक कण की गोलीय सममित आकर्षी विभव में गति निम्न में कौन होती है
1. सदैव परिबद्ध यद्यपि वृतीय कक्षाओं में नहीं
2. सदैव वृतीय कक्षाओं में और परिबद्ध
3. कण की ऊर्जा और कोणीय संवेग के अनुसार परिबद्ध हो सकती है ।
4. एकदम परिबद्ध नहीं

56. Motion of a particle in spherically symmetric attractive potential is
1. always bounded though not in circular orbits
2. always in circular orbits and bounded
3. may be bounded or unbounded depending upon the energy and angular momentum of the particle
4. not bounded at all

57. एक तंत्र स्थानांतरण के अंतर्गत दिक् और काल में निश्चरता दर्शाता है । निम्न में से कौन सी मात्राएं संरक्षित रहती है :
1. रैखिक संवेग और कोणीय संवेग
2. कोणीय संवेग और ऊर्जा
3. रैखिक संवेग और ऊर्जा
4. रैखिक संवेग, कोणीय संवेग और ऊर्जा .

57. A system exhibits invariance under translation in space and time. The following quantities will remain conserved :
1. linear momentum and angular momentum
2. angular momentum and energy
3. linear momentum and energy
4. linear momentum, angular momentum and energy

58. एक घटना आकाश–वत् होती है यदि विश्व विंदु इस प्रकार पृथक हों :
1. $|\vec{r}_1 - \vec{r}_2|^2 \leq C^2(t_1 - t_2)^2$
2. $|\vec{r}_1 - \vec{r}_2|^2 \leq C^2(t_1 + t_2)^2$
3. $|\vec{r}_1 - \vec{r}_2|^2 < C^2(t_1 - t_2)^2$
4. $|\vec{r}_1 - \vec{r}_2|^2 < C^2(t_1 + t_2)^2$

58. An event is space-like if the two world points are separated such that
1. $|\vec{r}_1 - \vec{r}_2|^2 \leq C^2(t_1 - t_2)^2$
2. $|\vec{r}_1 - \vec{r}_2|^2 \leq C^2(t_1 + t_2)^2$
3. $|\vec{r}_1 - \vec{r}_2|^2 < C^2(t_1 - t_2)^2$
4. $|\vec{r}_1 - \vec{r}_2|^2 < C^2(t_1 + t_2)^2$

59. विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम के कौन से क्षेत्र में धातुओं की परावर्तकता उच्चतम होती है
1. अवरक्त
2. दृश्य
3. पराबैंगनी
4. स्पेक्ट्रम के संपूर्ण क्षेत्र में

59. In which region of the electromagnetic spectrum do metals have the highest reflectivity?
1. infrared
2. visible
3. ultraviolet
4. in the entire region of the spectrum

60. दो परावैद्युत माध्यमों के बीच पार्थक्य पृष्ठ पर
1. $\vec{E}$ और $\vec{B}$ के सामान्य घटकों को अवश्य संतत होना चाहिए
2. $\vec{E}$ और $\vec{B}$ के स्पर्शीय घटकों को अवश्य संतत होना चाहिए
3. $\vec{D}$ और $\vec{H}$ के सामान्य घटकों को अवश्य संतत होना चाहिए
4. $\vec{E}$ के स्पर्शीय घटक को $\vec{B}$ के सामान्य घटक को अवश्य संतत होना चाहिए

60. At the interface between two dielectric media,
1. normal components of $\vec{E}$ and $\vec{B}$ must be continuous
2. tangential components of $\vec{E}$ and $\vec{B}$ must be continuous
3. normal components of $\vec{D}$ and $\vec{H}$ must be continuous
4. tangential component of $\vec{E}$ and normal component of $\vec{B}$ must be continuous

61. लंबाई d के एक छोटे द्विध्रुव एंटीना में से विकरित होने वाली औसत शक्ति का कोणीय वंटन d और ध्रुवीय कोण θ पर निर्भर होती है । यह निर्भरता निम्न में से किसकी समानुपाती है
1. $\sin^2\theta$
2. $d \sin^2\theta$
3. $d^2 \sin^2\theta$
4. $d \sin\theta$

61. The angular distribution of the average power radiated from a short dipole antenna of length d, is dependent on d and polar angle θ. This dependence is proportional to
1. $\sin^2\theta$
2. $d \sin^2\theta$
3. $d^2 \sin^2\theta$
4. $d \sin\theta$

62. बराबर तीव्रता I_0 की दो संसक्त प्रकाश किरण पुंज व्यतिकरण करते हैं तब
1. अधिकतम तीव्रता $2I_0$ होती है
2. न्यूनतम तीव्रता $I_0/2$ होती है
3. अधिकतम तीव्रता $4I_0$ होती है
4. न्यूनतम तीव्रता $I_0/4$ होती है

62. Two coherent light beams of equal intensity I_0 interfere.
1. The maximum intensity is $2I_0$
2. The maximum intensity is $I_0/2$
3. The maximum intensity is $4I_0$
4. The maximum intensity is $I_0/4$

63. पानी और कांच के अपवर्तनांक क्रमशः $\frac{4}{3}$ और $\frac{3}{2}$ हैं । उनके परावैद्युत स्थिरांक, 10^{14} Hz पर, निम्न में से कौन होंगे
1. $\frac{8}{9}$
2. $\frac{64}{81}$
3. $\frac{81}{64}$
3. $\frac{9}{8}$

63. The refractive indices of water and glass are $\frac{4}{3}$ and $\frac{3}{2}$ respectively. The ratio of their dielectric constants at 10^{14} Hz is
1. $\frac{8}{9}$
2. $\frac{64}{81}$
3. $\frac{81}{64}$
3. $\frac{9}{8}$

$n \propto \sqrt{\epsilon_r}$

$\frac{(\epsilon_r)_w}{(\epsilon_r)_g} = \frac{(4/3)^2}{(3/2)^2}$

$= \frac{16 \times 4}{9 \times 9} = \frac{64}{81}$

64. मैक्सवेल के समीकरणों को दो ऐसे युग्मित समीकरणों के पदों में लिखा जा सकता है जो सदिश विभव $\bar{A}$ और अदिश विभव ϕ द्वारा संतुष्ट होते हैं । इन समीकरणों को युग्मित करने वाला लोरेन्ट्स गॉज निम्न में से कौन है :
1. $\vec{\nabla}.\bar{A} = 0$
2. $\nabla^2\phi = \frac{1}{c^2}\frac{\partial^2 \bar{A}}{\partial t^2}$
3. $\vec{\nabla}.\bar{A} = -\frac{1}{c}\frac{\partial \phi}{\partial t}$
4. $\vec{\nabla}.\bar{A} = \frac{1}{c}\frac{\partial \phi}{\partial t}$

64. Maxwell's equations can be written in terms of two coupled equations satisfied by the vector potential $\vec{A}$ and scalar potential ϕ. The Lorentz gauge which decouples these equations is given by

1. $\vec{\nabla}.\vec{A} = 0$
2. $\nabla^2\phi = \frac{1}{c^2}\frac{\partial^2\vec{A}}{\partial t^2}$
3. $\vec{\nabla}.\vec{A} = -\frac{1}{c}\frac{\partial\phi}{\partial t}$
4. $\vec{\nabla}.\vec{A} = \frac{1}{c}\frac{\partial\phi}{\partial t}$

65. एक विद्युतचुंबकीय क्षेत्र अदिश विभव $\phi = ay$ और सदिश विभव $\vec{A} = \hat{k} \times t$ द्वारा निर्मित किया जाता है, जहां a एक नियतांक है। वैद्युत क्षेत्र $\vec{E}$ निम्न में से क्या है

1. रैखिक रूप से ध्रुवीकृत
2. वृतीय रूप से ध्रुवीकृत
3. दीर्घवृतीय रूप से ध्रुवीकृत
4. अध्रुवीकृत

65. An electromagnetic field is described by the scalar potential $\phi = ay$ and vector potential $\vec{A} = \hat{k} \times t$ where a is a constant. The electric field $\vec{E}$ is

1. linearly polarized
2. circularly polarized
3. elliptically polarized
4. unpolarized

$E = -\nabla\phi - \frac{\partial\vec{A}}{\partial t}$

$= -a\hat{j} - x\hat{k}$

66. एक इलेक्ट्रान $\vec{E} = \hat{i}E_0$ और $\vec{B} = -\hat{k}B_0$ क्षेत्रों के संयुक्त प्रभाव के अंतर्गत वेग $\hat{v} = \hat{j}.v_0$ से गति करता है। इलेक्ट्रान पर कार्य करने वाला बल किस दिशा में है

1. Y दिशा
2. Z दिशा
3. YZ समतल
4. X दिशा

66. An electron moves with velocity $\hat{v} = \hat{j}.v_0$ under the combined influence of $\vec{E} = \hat{i}E_0$ and $\vec{B} = -\hat{k}B_0$ fields. The force on the electron is in the

1. Y direction
2. Z direction
3. YZ plane
4. X direction

$\vec{F} = q[\vec{E} + \vec{v} \times \vec{B}]$

$\vec{v} \times \vec{B} = \hat{j} \times (-\hat{k})$

$= +\hat{i}v_0B_0$

$\therefore \vec{F} = -e[\hat{i}E_0 - v_0B_0\hat{i}]$

67. एक विद्युतचुंबकीय तरंग x - y समतल में दीर्घवृत्तीय रूप से ध्रुवीकृत है । प्वाइंन्टिंग वेक्टर की दिशा होगी :
1. Z दिशा में
2. X दिशा में
3. Y दिशा में
4. XY समतल में

67. An electromagnetic wave is elliptically polarized in the X-Y plane. The direction of the Poynting vector is in the
1. Z direction
2. Xdirection
3. Y direction
4. XY plane

68. एक आवेश वंटन में दो समतुल्य द्विध्रुव हैं जो विपरीत रूप से अभिदिन्यस्त हैं । विभव के प्रसार में अग्रग पद निम्न में से किसके कारण है
1. एक ध्रुव
2. द्विध्रुव
3. चतुर्ध्रुव
4. अष्टध्रुव

68. A certain charge distribution consists of two equivalent dipoles which are oppositely oriented. The leading term in the expansion of the potential is that due to a
1. monopole
2. dipole
3. quadrupole
4. octupole

69. एक इलेक्ट्रान $10m/s^2$ के त्वरण से गति कर रहा है जबकि एक पॉजीट्रान $20m/s^2$ के त्वरण से । पॉजीट्रान द्वारा विकरित की जाने वाली शक्ति का इलेक्ट्रान द्वारा विकरित की जाने वाली शक्ति से अनुपात है
1. 2
2. 1/2
3. 1/4
4. 4

69. An electron is moving with an acceleration $10m/s^2$ whereas a positron is moving with an acceleration $20 m/s^2$. The ratio of the power radiated by the positron to that of electron is
1. 2
2. 1/2
3. 1/4
4. 4

70. एक चालक चादर का Y और Z दिशाओं में विस्तार अनंत है जबकि X दिशा में अर्द्ध–अनंत है। धारा घनत्व $\vec{J}$ का Z घटक
1. चरघातांकी रूप से वृद्धि कर रहा है
2. चरघातांकी रूप से घट रहा है
3. स्थिर है
4. दोलन कर रहा हैं

70. A conducting sheet has infinite dimensions in the Y and Z directions and semi-infinite in the X direction. The Z component of the current density $\vec{J}$ is
1. exponentially increasing
2. exponentially decreasing
3. constant
4. oscillating

71. एक सरल आवर्ती दोलक की न्यूनतम ऊर्जा शून्य नहीं हो सकती क्योंकि
1. दोलक का एक परिमित द्रव्यमान होता है
2. उसकी परिमित आवृति होती है
3. अनिश्चितता सिद्धांत
4. विभव कूप की सरल आवृती प्रकृति

71. The lowest energy of an harmonic oscillator cannot be zero because
1. the oscillator has a finite mass
2. it has a finite frequency
3. of uncertainity principle
4. of harmonic nature of the potential well.

72. एक गोलीय सममित लघु परास विभव में से एक इलेक्ट्रान के प्रकीर्णन पर विचार कीजिए। निम्न में से किस के लिए विभव हेतु परिबद्ध अवस्थाओं की संख्या का अनुमान लगाना संभव है :
1. केवल $\ell = 0$ स्थिति के लिए अर्थात S अवस्थाएं
2. यदि शून्य ऊर्जा प्रावस्था विस्थापनों को परखा जाता है
3. केवल $\ell \neq 0$ स्थितियों के लिए
4. यदि प्रावस्था विस्थापनों को संपूर्ण ऊर्जा परास पर परिकलित किया जाता है।

72. Consider the scattering of an electron from a spherically symmetric short range potential. It is possible to predict the number of bound states for the potential.
1. only for $\ell = 0$ case i.e S states
2. if zero energy phase shifts are examined
3. only for $\ell \neq 0$ cases
4. if the phase shifts are calculated over entire energy range

73. फर्मी के गोल्डन नियम, जो दो अवस्थाओं को ऊर्जा अंतर ΔE से संबंधित करता है, की वैधता में यह निहित है कि वह सत्य है :
1. सब प्रकार के t के लिए
2. $t \geq \frac{\hbar}{\Delta E}$ के लिए
3. $t \leq \frac{\hbar}{\Delta E}$ के लिए
4. $\Delta E = 0$ के लिए

73. The validity of Fermi's golden rule which connects two states with energy difference ΔE, implies that it is true for
1. all times t
2. $t \geq \frac{\hbar}{\Delta E}$
3. $t \leq \frac{\hbar}{\Delta E}$
4. $\Delta E = 0$

74. मान लीजिए हाइड्रोजन परमाणु के लिए अभिप्रायोगिक फलन $Ae^{-\alpha r^2}$ का उपयोग करके विचरण रूप से प्राप्त ऊर्जा E_T है (जहां α एक विचरण प्राचल है) यदि एकदम सही मूल अवस्था E_H है तब
1. $E_T = E_H$
2. $E_T > E_H$
3. $E_T \geq E_H$
4. $E_T < E_H$

74. Let E_T be the energy obtained variationally by using trial function $Ae^{-\alpha r^2}$ (with α as a variational parameter) for Hydrogon atom. If the exact ground state is E_H then,
1. $E_T = E_H$
2. $E_T > E_H$
3. $E_T \geq E_H$
4. $E_T < E_H$

75. एक केन्द्रीय बल क्षेत्र में श्रॉडिंगर समीकरण का कोणीय अंश व्यापक रूप से
1. θ और ϕ से स्वतंत्र होता है
2. स्थिरांक होता है
3. गोलीय सरल आवर्ती होता है
4. एक बेसल फलन है

75. In a central force field, the angular part of the solution of the Schrodinger equation is in general
1. independent of θ and ϕ
2. a constant
3. a spherical harmonic
4. a Bessel function

76. स्पिन क्वांटम संख्या $\frac{1}{2}$ और शून्य कक्षीय कोणीय संवेग वाले परमाणुओं का एक किरण P है जिसके सब कोणीय संवेग x अक्ष के साथ हैं और Q एक उसी प्रकार का अध्रुवित पुंज है । इन किरण पुंजों को प्रायोगिक रूप से, अलग-अलग स्टेर्न-गेरलॉक उपकरण में गुजारकर उस समय विभेदित किया जा सकता है जब

1. चुंबकीय क्षेत्र X अक्ष के साथ हो
2. चुंबकीय क्षेत्र Y अक्ष के साथ हो
3. चुंबकीय क्षेत्र Z अक्ष के साथ हो
4. चुंबकीय क्षेत्र YZ समतल के हो

76. P is a beam of atoms with spin quantum number $\frac{1}{2}$ and zero orbital angular momentum, with all angular momenta being along x axis. Q is a similar beam which is unpolarized. These beams can be differentiated experimentally by passing P and Q separately through Stern-Gerlach apperatus with

1. magnetic field along X axis.
2. magnetic field along Y axis.
3. magnetic field along Z axis.
4. magnetic field along YZ plane.

77. नाइट्रोजन की मूलअवस्थ का इलेक्ट्रानिक विन्यास $1s^2\ 2s^2\ 2p^3$ हैं, तब इस विन्यास की अपभ्रष्टता है

1. 3
2. 20
3. 6
4. 0

77. The electronic configuration of the ground state of nitrogen is $1s^2\ 2s^2\ 2p^3$. The degeneracy of this configuration is

1. 3
2. 20
3. 6
4. 0

78. यह प्रेक्षित किया गया है कि एक बाक्स में बंद अन्योन्य क्रियाहीन, समरूप कणों के एक निकाय की मूल अवस्था में अध्यासित उच्चतम ऊर्जा स्तर कणों की संख्या के साथ वृद्धि करता है । इस प्रेक्षण से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि कणों में

1. शून्य स्पिन है
2. विषम पूर्णांक स्पिन है
3. समपूर्णांक स्पिन है
4. अर्द्ध पूर्णांक स्पिन है

73. फर्मी ने observed that the highest occupied energy level in the ground state of में एकsystem of non-interacting identical particles enclosed in a box increases with the number of particles. From this observation, we can conclude that the particles have
1. zero spin
2. odd integer spin
3. even integer spin
4. half integer spin

79. 10 KeV ऊर्जा के एक एक्स – किरण पुंज के और 10 MeV के एक γ किरण पुंज के एक लाक्षणिक अर्द्धचालक क्रिस्टल पर आपतन पर विचार कीजिए ।
1. एक्स किरण और γ किरण, दोनों, विवर्तन दर्शाएंगी
2. केवल γ किरणें ही विवर्तन दर्शाएंगी
3. कोई भी विवर्तन नहीं दर्शाएगी
4. केवल एक्सकिरण ही विवर्तन दर्शाएगी

79. Consider an X ray beam of energy 10 KeV and a γ ray beam of energy 10 MeV incident on a typical semi-conducting crystal.
1. Both X rays and γ rays will show diffraction
2. Only γ rays will show diffraction.
3. Neither will show diffraction
4. Only X rays will show diffraction.

80. एक विमंद कूप में फंसे एक कण पर विचार कीजिए । यदि कोई प्रेक्षक उस कण को संसूचित करने के लिए कूप के एकदम बाहर से मापन करता है तब
1. उसे वह कण सदैव मिलेगा
2. उसे कण कभी नहीं मिलेगा
3. आधे समय ही उसे कण मिलेगा
4. केवल उस समय ही कण मिलेगा यदि मापन काफी लंबे समय तक किए जाएं ।

80. Consider a particle trapped in a potential well. If an observer makes a measurement to detect the particle just outside the well then
1. he will always find the particle.
2. he will never find the particle
3. he will find the particle half the time.
4. he will find the particle only if the measurement is performed for sufficiently long time.

81. एक विशेष फलन के प्लाट इस प्रकार हैं



1. यह परिबद्ध अवस्था तरंग फलन के रूप में स्वीकार्य नहीं है क्योंकि उद्गम पर यह शून्य नहीं है ।
2. यह परिबद्ध अवस्था तरंग फलन के रूप में स्वीकार्य नहीं है क्योंकि अरांतत है ।
3. यह परिबद्ध अवस्था तरंग फलन के रूप में स्वीकार्य है ।
4. यह परिबद्ध अवस्था तरंग फलन के रूप में स्वीकार्य नहीं है परंतु प्रकीर्णन अवस्था तरंग फलन के रूप में स्वीकार्य है ।

81. The plot of a particular function is as shown



1. This is not acceptable as a bound state wave function because it is not zero at the origin.
2. This is not acceptable as a bound state wave function because it is discontinuous.
3. This is acceptable as a bound state wave function.
4. This is not acceptable as a bound state wave function but acceptable as a scattering state wave function.

82. निम्न ताप क्षेत्र में ग्रेफाइट को एक द्विविमीय डिबाई ठोस माना जा सकता है परंतु फिर भी $3N_0$ मोड्स प्रति मोल मौजूद रहते हैं । (N_0 आवोगाद्रो संख्या है) । इस प्रकार के डिबाई ठोस की निम्न तापों पर ऊष्मा धारिता निम्न में से किसकी समानुपाती है :

1. T^2
2. T^3
3. $e^{h\upsilon/kt}$
4. T

82. In low temperature region, graphite can be considered a two-dimenstional Debye solid but there are still $3N_0$ modes per mole (N_0 is Avogadro number). The heat capacity at low temperatures of such a Debye solid is proportional to

1. T^2
2. T^3
3. $e^{h\upsilon/kt}$
4. T

83. निम्न में से कौन सा वेक्टर पृष्ठ $x^2y + z^3 + xz^2 = 10$ पर अभिलंब है ?

1. $x^2y\,\vec{i} + z^3\,\vec{j} + xz^2\,\vec{k}$
2. $2xy\,\vec{i} + 2xz\,\vec{k}$
3. $2y\,\vec{i} + (6z + 2x)\,\vec{k}$
4. $(2xy + z^2)\,\vec{i} + x^2\,\vec{j} + (3z^2 + 2xz)\,\vec{k}$

83. Which one of the following vectors is normal to the surface $x^2y + z^3 + xz^2 = 10$?

1. $x^2y\,\vec{i} + z^3\,\vec{j} + xz^2\,\vec{k}$
2. $2xy\,\vec{i} + 2xz\,\vec{k}$
3. $2y\,\vec{i} + (6z + 2x)\,\vec{k}$
4. $(2xy + z^2)\,\vec{i} + x^2\,\vec{j} + (3z^2 + 2xz)\,\vec{k}$

84. $\vec{A}$ का रेखा संगाकल प्रत्येक संवृत पथ पर लुप्त हो जाता है । तब $\vec{A}$ निम्न में से किसके बराबर है

1. सदिश फलन के कर्ल के
2. अदिश फलन की प्रवणता के
3. सदिश फलन की प्रवणता के
4. शून्य

84. The line integral of $\vec{A}$ vanishes about every closed path. Then $\vec{A}$ must be equal to

1. curl of a vector function
2. gradient of a scalar function
3. gradient of a vector function
4. zero

85. जब तरल असंपीड्य हो तब सांतत्य समीकरण घटकर $\frac{\partial \rho}{\partial t} = 0 = \rho(\vec{\nabla}.\vec{v})$ रह जाता है क्योंकि इस दशा में घनत्व ρ एक स्थिर रहता है । यहां $\vec{v}$ तरल के एक लाक्षणिक कण का वेग है । इसके अतिरिक्त यदि प्रवाह अघूर्णी है तब समीकरण को निम्न में से किस रूप में लिखा जा सकता है :

1. $\vec{\nabla}.\vec{\nabla}\phi = 0$
2. $\vec{\nabla} \times \vec{\nabla}\phi = 0$
3. $\vec{\nabla}\phi = 0$
4. $\vec{v}$ = स्थिरांक

जहां $\phi(x,y,z)$ एक अदिश विभव है

85. When the fluid is incompressible, the equation of continuity can be reduced to $\frac{\partial \rho}{\partial t} = 0 = \rho(\vec{\nabla}.\vec{v})$ since the density ρ is constant in this case. Here $\vec{v}$ is the velocity of a typical particle of the fluid. Further, if the flow is irrotational, then the equation can be rewritten as

1. $\vec{\nabla}.\vec{\nabla}\phi = 0$
2. $\vec{\nabla} \times \vec{\nabla}\phi = 0$
3. $\vec{\nabla}\phi = 0$
4. $\vec{v}$ = constant ,

where $\phi(x,y,z)$ is the scalar potential.

86. व्यंजक $\exp i(\vec{\sigma}.\vec{n})\theta$ को निम्न में से किस रूप में लिखा जा सकता है

1. $(\vec{\sigma}.\vec{n})\cos\theta + i\sin\theta$
2. $\sin\theta + i(\vec{\sigma}.\vec{n})\cos\theta$
3. $\cos\theta - i(\vec{\sigma}.\vec{n})\cos\theta$
4. $\cos\theta + i(\vec{\sigma}.\vec{n})\sin\theta$

यहां $\vec{\sigma} = (\sigma_x, \sigma_y, \sigma_z)$ पॉली स्पिन मेट्रिक्स हैं और $\vec{n}$ एक इकाई वेक्टर है ।

86. The expression $\exp i(\vec{\sigma}.\vec{n})\theta$ can be rewritten as

1. $(\vec{\sigma}.\vec{n})\cos\theta + i\sin\theta$
2. $\sin\theta + i(\vec{\sigma}.\vec{n})\cos\theta$
3. $\cos\theta - i(\vec{\sigma}.\vec{n})\cos\theta$
4. $\cos\theta + i(\vec{\sigma}.\vec{n})\sin\theta$

Here $\vec{\sigma} = (\sigma_x, \sigma_y, \sigma_z)$ are the Pauli spin matrices and $\vec{n}$ is a unit vector.

87. पॉली स्पिन मेट्रिक्स σ_x का आइगेन निम्न में से कौन है

1. i, -i
2. -i, i
3. 1, -1
4. 1, 1

87. The eigenvalues of the Pauli spin matrix σ_x are

1. i, -i
2. -i, i
3. 1, -1
4. 1, 1

88. a के निम्न मानों में से किसके लिए मेट्रिक्स

$$M = \begin{pmatrix} 0 & 1 & -1 \\ 1 & 3 & 5 \\ 0 & 4 & a \end{pmatrix}$$

के विलोम का अस्तित्व नहीं होता

1. -4
2. 4
3. 0
4. 1

88. For which of the following values of a , the inverse of the matrix

$$M = \begin{pmatrix} 0 & 1 & -1 \\ 1 & 3 & 5 \\ 0 & 4 & a \end{pmatrix}$$

does not exist ?

1. -4
2. 4
3. 0
4. 1

89. रैखिक अवकल समीकरण

$$\frac{d^4u}{dx^4} = 0$$

का व्यापक हल u(x) है । वह बराबर है

1. 0
2. $c_3t + c_4$
3. $c_2t^2 + c_3t + c_4$
4. $c_1t^3 + c_2t^2 + c_3t + c_4$

जहां c_1, c_2 , c_3 और c_4 स्वेच्छ स्थिरांक हैं ।

89. The general solution of the linear differential equation

$$\frac{d^4u}{dx^4} = 0$$ is, u(x) equal to

1. 0
2. $c_3t + c_4$
3. $c_2t^2 + c_3t + c_4$
4. $c_1t^3 + c_2t^2 + c_3t + c_4$

, where and c_1, c_2 , c_3 and c_4 are arbitrary constants.

90. परिमित डोमेन में सहचारी लेजेन्द्रे अवकल समीकरण के नियमित विचित्र बिंदु हैं :

1. 1, -1
2. 0
3. ∞
4. 2

90. The regular singular points of the associated Legendre differential equation in the finite domain are

1. 1, -1
2. 0
3. ∞
4. 2

91. फलन $f(x) = x^2$, $0 < x < 2$ का एक फूरिए श्रेणी निरूपण है

$$x^2 = \frac{4\pi^2}{3} + \sum_{n=1}^{\infty} \left(\frac{4}{n^2} \cos nx - \frac{4\pi}{n} \sin nx \right)$$

$x = 0$ और 2π पर श्रेणी $2\pi^2$ में अभिसरित हो जाती है । तब श्रेणी $\sum_{n=1}^{\infty} \frac{1}{n^2}$ का मान निम्न में से क्या होगा ।

1. $2\pi^2$
2. π^2
3. $\frac{\pi^2}{3}$
4. $\frac{\pi^2}{6}$

91. The function $f(x) = x^2$, $0 < x < 2$ has a Fourier series representation

$$x^2 = \frac{4\pi^2}{3} + \sum_{n=1}^{\infty} \left(\frac{4}{n^2} \cos nx - \frac{4\pi}{n} \sin nx \right)$$

At x=0 and 2π, the series converges to $2\pi^2$. Then the value of the series $\sum_{n=1}^{\infty} \frac{1}{n^2}$ is

1. $2\pi^2$
2. π^2
3. $\frac{\pi^2}{3}$
4. $\frac{\pi^2}{6}$

92. निम्न में से कौन सा फलन विश्लेषक नहीं है :

1. $f(z) = |z|$
2. $f(z) = z^2$
3. $f(z) = \cos z$
4. $f(z) = \sin z$

92. Which one of the following functions is not analytic?
1. $f(z) = |z|$
2. $f(z) = z^2$
3. $f(z) = \cos z$
4. $f(z) = \sin z$

93. समाकल $\oint_c \frac{\cos \pi z}{z(z+1)}$, जहाँ C वृत $|z-1|=3$ है, तो उसका मान है
1. 0
2. πi
3. $2\pi i$
4. $4\pi i$

93. The value of the integral $\oint_c \frac{\cos \pi z}{z(z+1)}$ where C is the circle $|z-1|=3$ is
1. 0
2. πi
3. $2\pi i$
4. $4\pi i$

94. यदि एक तंत्र के लंग्राजी में केवल एक ऐसा पद हो जिसकी वेग पर रैखिक निर्भरता हो तब उसके हैमिल्टोनियम
1. में भी केवल एक ही पद वेग पर निर्भर होगा
2. शून्य है
3. परिभाषित नहीं है
4. वेग से स्वतंत्र होता है और स्थिरांक होता है

94. If the Lagragian of a system has only one term which has a linear dependence on velocity, then its Hamiltonian
1. also has only one term depending on velocity
2. is zero
3. is not defined
4. is independent of velocity and is constant

95. एक तंत्र का एक व्यापीकृत निर्देशक Q_j चक्रीय है तब उसकी
1. ऊर्जा संरक्षित नहीं है
2. संयुग्मी संवेग P_j भी चक्रीय है।
3. संयुग्मी संवेग P_j संरक्षित है
4. संयुग्मी संवेग P_j अनिर्धारित है

95. One of the generalized co-ordinates Q_j of a system is cyclic. Then its
1. energy is not conserved
2. conjugate momentum P_j is also cyclic
3. conjugate momentum P_j is conserved
4. conjugate momentum P_j is indeterminate

96. दो समरूप कारें, जिनमें से प्रत्येक की संहति m है एक समान गति v से चल रही है। वे आमने सामने से टकराती हैं और विश्रामावस्था में आ जाती हैं। कारों को जो हानि हुई वह निम्न में से किसकी सीधी समानुपाती हैं :
1. v
2. v^2
3. m^2v^2
4. mv

96. Two similar cars of mass m each, moving with a uniform speed v, make a head-on collision and come to rest. The damage suffered by the cars is directly proportional to
1. v
2. v^2
3. m^2v^2
4. mv

97. कोणीय संवेग L के एक कण को एक घूर्णी फ्रेम में जिसका कोणीय वेग $\vec{\omega}$ है, रखा जाता है। उसकी ऊर्जा उस समय निम्नतम होती है जब
1. L और $\vec{\omega}$ समानांतर हों
2. L और $\vec{\omega}$ प्रति समानांतर हों
3. L और $\vec{\omega}$ एक दूसरे पर अभिलम्ब हों
4. L समानांतर से प्रति समानांतर तक दोलन करता है।

97. A particle having angular momentum L is placed in a rotating frame having angular velocity $\vec{\omega}$. It will have lowest energy when
1. L is parallel to $\vec{\omega}$
2. L is anti-parallel to $\vec{\omega}$
3. L and $\vec{\omega}$ are perpendicular to each other
4. L oscillates from parallel to anti parallel

98. एक ऐसे न्यूट्रान का जिसका नाभिक के साथ रदरफर्ड प्रकीर्णन हो रहा हो, प्रतिघात प्राचल,
1. आपतित कण की ऊर्जा में वृद्धि के साथ घटता है।
2. आपतित कण की ऊर्जा में वृद्धि के साथ बढ़ता है।
3. आपतित कण की ऊर्जा से स्वतंत्र है।
4. क्रांतिक ऊर्जा तक घटता है और फिर बढ़ना आरंभ कर देता है।

98. The impact parameter of a neutron which is undergoing Rutherford scattering with a nucleus,
1. decreases with an increase in energy of the incident particle
2. increases with an increase in energy of the incident particle
3. is independent of the energy of the incident particle
4. decreases upto a critical energy and then begins to increase.

९९. कुल लंबाई L वाला पारे का एक स्तंभ एक यू ट्यूब को आंशिक रूप से भरता है । यदि पारे में दोलन पैदा कर दिए जाते हैं तब उसकी आवृति निम्न में से कौन होगी :

1. $2\pi\sqrt{\frac{2g}{L}}$
2. $\frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{2g}{L}}$
3. $\frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{g}{L}}$
4. $2\pi\sqrt{\frac{g}{L}}$

99. A column of mercury of total length L partially fills a U tube. If the mercury is set into small oscillations, its frequency is given by

1. $2\pi\sqrt{\frac{2g}{L}}$
2. $\frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{2g}{L}}$
3. $\frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{g}{L}}$
4. $2\pi\sqrt{\frac{g}{L}}$

१००. कुर्सी पर बैठा हुआ व्यक्ति बिना आगे झुके खड़ा नहीं हो सकता क्योंकि :
1. मानव शरीर दृढ़ नहीं है ।
2. न्यूटन का तीसरा नियम कार्य करने लगता है ।
3. न्यूटन का दूसरा नियम कार्य करने लगता है ।
4. गुरुत्वीय आकर्षण प्रबल होता है ।

100. A person sitting on a chair cannot get up without bending forward because ,
1. Human body is not rigid
2. Newtons third Law is operative
3. Newtons second Law is operative
4. Gravitational attraction is strong.

भाग - ख/PART - B

31. दिया गया है कि वैक्टर $\vec{A} = 4\vec{i} + 6\vec{j} - 2\vec{k}$ और $\vec{B} = \vec{i} + a\vec{j} + 3\vec{k}$ एक दूसरे से लंबकोणीय हैं। 'a' का मान क्या है ?

1. 0
2. 1
3. $\frac{1}{3}$
4. $\frac{1}{2}$

31. Given that the vectors $\vec{A} = 4\vec{i} + 6\vec{j} - 2\vec{k}$ and $\vec{B} = \vec{i} + a\vec{j} + 3\vec{k}$ are orthogonal to each other. What is the value of 'a' ?

1. 0
2. 1
3. $\frac{1}{3}$
4. $\frac{1}{2}$

32. चुंबकीय क्षेत्र $\vec{B}$ विभव वैक्टर के द्वारा $\vec{B} = \vec{\nabla} \times \vec{A}$ में दर्शाया जा सकता है । यदि $\vec{B} = B\hat{k}$ है तब $\vec{A}$ को जिस तरह दर्शाया जा सकता है, वह है

1. $\left(-\frac{1}{2}By, \frac{1}{2}Bx, 0\right)$
2. $\left(\frac{1}{2}By, -\frac{1}{2}Bx, 0\right)$
3. $(0, 0, B)$
4. $\left(\frac{Bx}{3}, \frac{By}{3}, \frac{Bz}{3}\right)$

32. The magnetic field $\vec{B}$ can be expressed in terms of the vector potential as $\vec{B} = \vec{\nabla} \times \vec{A}$. If $\vec{B} = B\hat{k}$ then $\vec{A}$ can be expressed as

1. $\left(-\frac{1}{2}By, \frac{1}{2}Bx, 0\right)$
2. $\left(\frac{1}{2}By, -\frac{1}{2}Bx, 0\right)$
3. $(0, 0, B)$
4. $\left(\frac{Bx}{3}, \frac{By}{3}, \frac{Bz}{3}\right)$

33. मैट्रिक्स $M = \begin{pmatrix} 1 & 0 \\ 1 & i \end{pmatrix}$ के आइगेन मान हैं

1. 1, 1
2. 1, i
3. 1, 0
4. निर्धारित नहीं किये जा सकते हैं

33. The eigenvalues of the matrix $M = \begin{pmatrix} 1 & 0 \\ 1 & i \end{pmatrix}$ are

1. 1, 1
2. 1, i
3. 1, 0
4. cannot be determined

34. निम्न में से कौन सा मैट्रिक्स लंबकोणीय है ?

1. $\begin{pmatrix} \cos\theta & \sin\theta \\ \sin\theta & \cos\theta \end{pmatrix}$
2. $\begin{pmatrix} \cos\theta & -\sin\theta \\ \sin\theta & \cos\theta \end{pmatrix}$
3. $\begin{pmatrix} -\cos\theta & \sin\theta \\ -\sin\theta & \cos\theta \end{pmatrix}$
4. $\begin{pmatrix} \cos\theta & \sin\theta \\ -\sin\theta & -\cos\theta \end{pmatrix}$

34. Which one of the following matrices is orthogonal ?

1. $\begin{pmatrix} \cos\theta & \sin\theta \\ \sin\theta & \cos\theta \end{pmatrix}$
2. $\begin{pmatrix} \cos\theta & -\sin\theta \\ \sin\theta & \cos\theta \end{pmatrix}$
3. $\begin{pmatrix} -\cos\theta & \sin\theta \\ -\sin\theta & \cos\theta \end{pmatrix}$
4. $\begin{pmatrix} \cos\theta & \sin\theta \\ -\sin\theta & -\cos\theta \end{pmatrix}$

35. विषम हर्मिटीय मैट्रिक्स के आइगेन मान हैं ।

1. वास्तविक और धनात्मक
2. वास्तविक और ऋणात्मक
3. या तो शून्य अथवा पूर्णतया काल्पनिक
4. अशून्य वास्तविक अंशों के साथ सम्मिश्र

35. The eigenvalues of a skew-Hermitian matrix are

1. real and positive
2. real and negative
3. either zero or pure imaginary
4. complex with nonzero real parts

36. प्रारंभिक मान निर्मेय $5\frac{d^2x}{dt^2} + 125x = 0, \quad x(0) = 6, \quad \dot{x}(0) = 0$

का हल है

1. 6 sin 5t
2. 6 cos 5t
3. 6 cos 25t
4. 6 sin 25t

36. The solution of the initial value problem $5\frac{d^2x}{dt^2} + 125x = 0, \quad x(0) = 6, \quad \dot{x}(0) = 0$

is

1. 6 sin 5t
2. 6 cos 5t
3. 6 cos 25t
4. 6 sin 25t

$\frac{d^2x}{dt^2} + 25x = 0$

$\therefore$ i.e. $\frac{d^2x}{dt^2} + 5^2x = 0$

$x = A\sin 5t + B\cos 5t$

$x(t) = A\sin 5t + B\cos 5t$

$x(0) = 0 + B$

$B = 6$

$\dot{x}(t) = 5A\cos 5t - 5B\sin 5t$

$= 5A\cos 5t - 6 \cdot 5\sin 5t$

$\Rightarrow \dot{x}(0) = 5A - 0$

$A = \frac{0}{5} = 0$

$\therefore x = 6\cos 5t$

37. दिए गए फलन $\cos 2x$, $\sin^2 x$, $\cos^2 x$.

1. रैखिकीय स्वतंत्र हैं
2. रैखिकीय आश्रित हैं
3. एक दूसरे के साथ संबकोणीय हैं
4. एक दूसरे के साथ असंबद्ध हैं

37. Given functions $\cos 2x$, $\sin^2 x$, $\cos^2 x$, are

1. linearly independent
2. linearly dependent
3. orthogonal to each other
4. unrelated to each other

38. अवकल समीकरण $\frac{d^2y}{dx^2} + 4y = 0$ के रैखिकीय स्वतंत्र हलों का रान्स्कियन है

1. अचर
2. 0
3. ∞
4. अनिर्धारित

38. The Wronskian of the linearly independent solutions of the differential equation

$\frac{d^2y}{dx^2} + 4y = 0$ is

1. constant
2. 0
3. ∞
4. undetermined

39. फलन $f(x) = \begin{cases} 3, & 0 < x < 5 \\ -3, & -5 < x < 0 \end{cases}$

के संगत फूरिये श्रेणी पर विचार कीजिए। तब फूरिए श्रेणी रखती है.

1. केवल cosine पद
2. cosine और sine दोनों पद
3. केवल sine पद
4. sine पद और अ-शून्य अचर पद

39. Consider the Fourier series corresponding to the function

$$f(x)=\begin{cases}3, & 0<x<5\\ -3, & -5<x<0\end{cases}$$

Then the fourier series contains

1. cosine terms only
2. both cosine and sine terms
3. sine terms only
4. sine terms and non-zero constant terms

40. फलन $f(x)=\begin{cases}0 & -5<x<0\\ 3 & 0<x<5\end{cases}$ की फूरिए श्रेणी में अचर गुणांक है

1. 3
2. $\frac{3}{2}$
3. 0
4. 5

40. The constant coefficient in the Fourier series of the function

$$f(x)=\begin{cases}0 & -5<x<0\\ 3 & 0<x<5\end{cases}$$ is

1. 3
2. $\frac{3}{2}$
3. 0
4. 5

41. फलन $f(Z)=\exp\left[\frac{1}{(Z-1)^2}\right]$ at $Z=1$ के द्वारा धारित विचित्रता का प्रकार क्या है ?

1. एक घात अनंतक
2. शाखा बिन्दु
3. द्वितीय घात का अनंतक
4. अनिवार्य विचित्रता

41. What is the type of singularity possessed by the function

$$f(Z) = \exp\left[\frac{1}{(Z-1)^2}\right] \text{ at } Z = 1 \text{ ?}$$

1. simple pole
2. branch point
3. pole of second order
4. essential singularity

42. फलन $f(z) = \frac{1}{z(z+2)^2}$ का $z = -2$ पर अवशेष है

1. $-\frac{1}{4}$
2. $-\frac{1}{2}$
3. $-\frac{\pi i}{2}$
4. $4\pi i$

42. The residue of the function $f(z) = \frac{1}{z(z+2)^2}$ at $z = -2$ is

1. $-\frac{1}{4}$
2. $-\frac{1}{2}$
3. $-\frac{\pi i}{2}$
4. $4\pi i$

43. r त्रिज्या और M संहति का एक बेलन बिना घर्षण के एक क्षैतिज समतल पर $x = 0$ बिन्दु से x दिशा में घूमता है। इसका लग्रांजी है

1. $\frac{1}{2}M\dot{x}^2$
2. $\frac{1}{2}M\dot{x}^2 + \frac{1}{2}Mr^2\dot{\theta}^2$
3. $\frac{1}{2}M\dot{x}^2 + \frac{1}{2}Mr^2\dot{\theta}^2$
4. $\frac{1}{2}Mr\dot{\theta}^2$

43. A cylinder of mass M and radius r rolls in the x direction from the point x = 0 on a horizontal plane without friction. Its Lagrangian is

1. $\frac{1}{2}M\dot{x}^2$

2. $\frac{1}{2}M\dot{x}^2 + \frac{1}{2}Mr^2\dot{\theta}^2$

3. $\frac{1}{2}M\dot{x}^2 + \frac{1}{2}Mr^2\dot{\theta}^2$

4. $\frac{1}{2}Mr\dot{\theta}^2$

44. परिबद्ध कणों की संवृत कक्षाओं के लिए केन्द्रीय बल निम्न द्वारा, जहाँ $k > 0$ दर्शाए जा सकते हैं ।

1. $f(r) = \frac{k}{r^{(3-n)}}$, $n = 1$ और 4

2. $f(r) = -\frac{k}{r^{3-n}}$, $n = 1$ to 4

3. $f(r) = -\frac{k}{r^{3-n}}$, $n = 1$ और 4

4. $f(r) = \frac{k}{r^{1-n}}$, $n = 1$ और 4

44. The central forces, which support closed orbits for bound particles, are given by the following, where $k > 0$.

1. $f(r) = \frac{k}{r^{(3-n)}}$, $n = 1$ and 4

2. $f(r) = -\frac{k}{r^{3-n}}$, $n = 1$ to 4

3. $f(r) = -\frac{k}{r^{3-n}}$, $n = 1$ and 4

4. $f(r) = \frac{k}{r^{1-n}}$, $n = 1$ and 4

45. एक विमंदक में एक स्थिर ड्यूट्रॉन से एक न्यूट्रॉन संघट्ट करता है। यह मानते हुए कि यह संघट्ट प्रत्यास्थ और केन्द्रीय है, न्यूट्रॉन की गतिज ऊर्जा जिस कारक द्वारा ह्रासित होती है, वह है 4

1. 2
2. $\sqrt{2}$
3. 4
4. 1.2

45. A neutron collides with a stationary deutron in a moderator. Assuming that the collision is elastic and central, the kinetic energy of the neutron diminishes by a factor of 4

1. 2
2. $\sqrt{2}$
3. 4
4. 1.2

46. यह मानते हुए कि बहुत लघु त्रिज्या के पलसर में सूर्य संकुचित हो जाए, तब निम्न में से सत्य है 4

1. घूर्णन काल घटता है और गतिज ऊर्जा बढ़ती है
2. घूर्णन काल बढ़ता है और गतिज ऊर्जा घटती है
3. दोनों ही घूर्णन काल तथा गतिज ऊर्जा बढ़ती है
4. दोनों ही घूर्णन काल तथा गतिज ऊर्जा घटती हैं

46. Assuming that the sun contracts to a pulsar of very small radius, which of the following if true ?

1. The rotation period decreases and kinetic energy increases
2. The rotation period increases and kinetic energy decreases
3. Both the rotation period and the kinetic energy increase
4. Both the rotation period and the kinetic energy decrease

47. कणों के किरणपुंज का प्रकीर्णन-परिक्षेत्र रदरफोर्ड-प्रकीर्णन के अंतर्गत दर्शाता है

1. अग्र दिशा में शिखर
2. पश्च दिशा में शिखर
3. समदैशिक प्रकीर्णन
4. अग्र और पश्च दोनों दिशा में शिखर

47. Scattering cross-section of a beam of particles undergoing Rutherford scattering, exhibits

1. peak in the forward direction
2. peak in the backward direction
3. isotropic scattering
4. peak in forward as well as backward direction

48. सरल दोलन की गति का समीकरण है ।

1. लघु और दीर्घ आयाम दोलनों हेतु रैखिक
2. लघु और दीर्घ आयाम दोलनों हेतु अरैखिक
3. लघु आयाम हेतु रैखिक और दीर्घ आयाम हेतु अरैखिक
4. लघु आयाम हेतु अरैखिक और दीर्घ आयाम हेतु रैखिक

48. The equation of motion of a simple pendulum is

1. linear for small and large amplitude oscillations
2. nonlinear for small and large amplitude oscillations
3. linear for small amplitude and nonlinear for large amplitude oscillations
4. non linear for small amplitude and linear for large amplitude oscillations.

49. मुक्त-कण के संगत द्रव्य-तरंग का एक विमीय चालन काल-आश्रित-श्रेडिंडर-तरंग समीकरण

$i\hbar \frac{\partial \psi(x,t)}{\partial t} = -\frac{\hbar^2}{2m} \frac{\partial^2 \psi}{\partial x^2}$ को संतुष्ट करता है । जब $\hbar k$ संवेग हो, तब द्रव्य-तरंगों से निर्मित तरंग-पिटक का समूह-वेग v_g बराबर है

1. $\frac{\hbar}{2m} k^2$
2. $\frac{\hbar^2}{2m} k^2$
3. $\frac{\hbar^2}{2m} k$
4. $\frac{\hbar}{2m} k$

49. The matter wave corresponding to a free particle moving in one dimension satisfies the time-dependent Schrodinger wave equation

$$i\hbar\frac{\partial\psi(x,t)}{\partial t} = -\frac{\hbar^2}{2m}\frac{\partial^2\psi}{\partial x^2}$$

If $\hbar k$ is the momentum, then the wavepacket formed out of the matter waves moves with a group velocity v_g equal to

1. $\frac{\hbar}{2m}k^2$
2. $\frac{\hbar^2}{2m}k^2$
3. $\frac{\hbar^2}{2m}k$
4. $\frac{\hbar}{2m}k$

50. एक तंत्र जिसकी दो स्वतंत्रता-कोटि हैं, में रूपान्तरण

$$Q_1 = q_1 \quad , \quad P_1 = p_1$$

$$Q_2 = p_2 \quad , \quad P_2 = -q_2$$

फलन F द्वारा जनित होता है । यह फलन बराबर है

1. $q_1P_1 + q_2Q_2$
2. $q_1Q_1 + q_2P_2$
3. $q_1Q_2 + p_1Q_1$
4. $q_1Q_1 + p_2Q_2$

50. In a system of two degrees of freedom, the transformation,

$$Q_1 = q_1 \quad , \quad P_1 = p_1$$

$$Q_2 = p_2 \quad , \quad P_2 = -q_2$$

is generated by the function F equal to

1. $q_1P_1 + q_2Q_2$
2. $q_1Q_1 + q_2P_2$
3. $q_1Q_2 + p_1Q_1$
4. $q_1Q_1 + p_2Q_2$

51. सरल आवर्त दोलन हेतु हेमिल्टोनियन $H = \frac{p^2}{2m} + \frac{1}{2}kq^2$ है। तब क्रिया-चर J, और उसकी ऊर्जा E में संबंध है

1. $J = \frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{k}{m}}\ E$
2. $J = \sqrt{\frac{m}{k}}\ E$
3. $J = \sqrt{\frac{k}{m}}\ E$
4. $J = 2\pi\sqrt{\frac{m}{k}}\ E$

51. The action variable J for a simple harmonic oscillator having hamiltonian $H = \frac{p^2}{2m} + \frac{1}{2}kq^2$, is related to its energy E by

1. $J = \frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{k}{m}}\ E$
2. $J = \sqrt{\frac{m}{k}}\ E$
3. $J = \sqrt{\frac{k}{m}}\ E$
4. $J = 2\pi\sqrt{\frac{m}{k}}\ E$ ✓

$J = \oint p\,dq$

$= \oint \sqrt{2m\alpha - m^2\omega^2 q^2}\,dq$

where $\alpha = H = E$ $\quad \omega = \sqrt{k/m}$

$q = \sqrt{\frac{2\alpha}{m\omega^2}}\sin\theta$

$J = \frac{2\pi E}{\omega}$

$= 2\pi\sqrt{\frac{m}{k}}\ E$

52. एक निकाय में पांच कण सम पंचभुज बनाते हैं और छटवाँ कण पंच भुज के केन्द्र पर स्थित है। कण तंत्र पर विचार कीजिए। यदि पांचों कण केन्द्र पर स्थित कण से दृढ़ दण्डों से संयोजित हैं, तब तंत्र की स्वतंत्रता-कोटि-संख्या है

1. 13
2. 6
3. 5
4. 18

52. Consider a six particle system with five particles arranged as regular pentagon with 6th one at the centre. If all the five particles are connected to the central one by rigid rods, then the number of degrees of freedom for the system are given by

1. 13
2. 6
3. 5
4. 18

53. विराम-द्रव्यमान m_0 और आपेक्षिकीय गति v युक्त एक मुक्त-कण का लग्रांजी है

1. $-m_0c^2\Big/\sqrt{1-\frac{v^2}{c^2}}$
2. $m_0c^2\sqrt{c-v}$
3. $m_0c\sqrt{c^2-v^2}$
4. $-m_0c\sqrt{c^2-v^2}$

53. The Lagrangian of a free particle having a rest mass m_0 and relativistic speed v is given by

1. $-m_0c^2\Big/\sqrt{1-\frac{v^2}{c^2}}$
2. $m_0c^2\sqrt{c-v}$
3. $m_0c\sqrt{c^2-v^2}$
4. $-m_0c\sqrt{c^2-v^2}$

55. The central intensity of the Fraunhofer diffraction pattern for a circular aperture of radius a is proportional to

1. a^4
2. a^3
3. a^2
4. independent of a

56. पानी (अपवर्तनांक = 4/3) में प्रकाश की किरणपुंज लम्बवत कांच की शीट (अपवर्तनांक = 3/2) पर आपतित है। तब परावर्तनांक है

1. 1/17
2. 1/289
3. 16/17
4. 288/289

56. A beam of light in water (refractive index = 4/3) is incident normally on a sheet of glass (refractive index = 3/2). The reflection coefficient is

1. 1/17
2. 1/289
3. 16/17
4. 288/289

57. 60. संघनित्र युक्त एक परिपथ में धारा बह रही है। आवेश और धारा हेतु - सातत्व समीकरण $\vec{\nabla} \cdot \vec{J} = -\frac{\partial \rho}{\partial t}$, को संतुष्ट करने हेतु धारा घनत्व $\vec{J}$ को निम्न में से किसके द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

1. $\frac{1}{4\pi}\frac{\partial \vec{D}}{\partial t}$
2. $\frac{1}{4\pi}\frac{\partial \vec{D}}{\partial t}$
3. $\vec{D}\frac{2}{4}\frac{1}{4\pi}\frac{\partial \vec{J}}{\partial t}$
4. $\frac{\vec{J}}{4\pi}\frac{1}{\partial t}\frac{\partial \vec{D}}{\partial t}$

60. Certain charge distribution is described by the charge density $\rho(r) = \exp(-2r)/\pi$. Then, the total charge is

1. $1/\pi$
2. 2
3. 1
4. 4

61. एक α- कण और एक प्रोटॉन जो एक ही चुंम्बकीय क्षेत्र $\vec{B}$ में गतिमान हैं, की साइक्लोट्रॉनी आवृत्तियों का अनुपात है

1. 1/2
2. 2
3. 4
4. 1/4

61. The ratio of cyclotron frequencies of an α-particle and a proton moving in the same magnetic field $\vec{B}$ is

1. 1/2
2. 2
3. 4
4. 1/4

57. Current flowing in a circuit containing a capacitor. To satisfy the continuity equation, $\vec{\nabla} \cdot \vec{J} = -\frac{\partial \rho}{\partial t}$, for charge and current, the current density $\vec{J}$ must be replaced by

1. $\frac{1}{4\pi} \frac{\partial \vec{D}}{\partial t}$
2. $\vec{J} - \frac{1}{4\pi} \frac{\partial \vec{D}}{\partial t}$
3. $\vec{D} + \frac{1}{4\pi} \frac{\partial \vec{J}}{\partial t}$
4. $\vec{J} + \frac{1}{4\pi} \frac{\partial \vec{D}}{\partial t}$

58. गतिमान आवेश का वेक्टर विभव निम्न में से किस पर आश्रित है ?

1. केवल इसके वेग
2. केवल इसके आवेश
3. केवल संवेग
4. इसके वेग और आवेश

58. The vector potential of a moving charge is dependent upon

1. its velocity only
2. its charge only
3. its momentum
4. its velocity and charge

59. निर्वात में वैद्युत चुंबकीय तरंग $\vec{E}(\vec{r},t) = \hat{j}E_0 \exp\left[-i\left(\omega t - \vec{k}.\vec{x}\right)\right]$ के द्वारा व्याख्यित की जाती है । चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B}$ निम्न में से क्या है ?

1. $\hat{j}E_0 k \exp\left[-i\left(\omega t - \vec{k}.\vec{x}\right)\right]$
2. $\hat{j}E_0 \exp\left[-i\left(\omega t - k_Z z\right)\right]$
3. $\hat{k}E_0 \exp\left[-i\left(\omega t - \vec{k}.\vec{x}\right)\right]$
4. $\hat{j}E_0 \exp\left[-i\left(\omega t - \vec{k}.\vec{x}\right)\right]$

62. आवेश q के कारण वैद्युत क्षेत्र $\vec{E} = \frac{q}{r^2}\hat{r}$ होता है । पृष्ठ समाकल $\oint_S \vec{E} . \vec{ds}$ का मान निम्न में से केवल किस पर निर्भर करता है ?

1. पृष्ठ के क्षेत्रफल पर
2. त्रिज्यीय दूरी r पर
3. आवेश पर
4. पृष्ठ के आकार पर

62. The electric field due to a charge q is given by $\vec{E} = \frac{q}{r^2}\hat{r}$. The value of the surface integral $\oint_S \vec{E} . \vec{ds}$ depends only

1. on the area of the surface
2. on the radial distance r
3. on the charge
4. on the shape of the surface

63. चुम्बकीय तीव्रता, चुम्बकीय क्षेत्र और चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण वेक्टरों का क्रमशः प्रतिनिधित्व कर रहे $\vec{H}, \vec{B}$ और $\vec{M}$ के बीच संबंध है

1. $\vec{H} = -(\mu_0 \vec{M} + \vec{B})$
2. $\vec{H} = \mu_0 \vec{M} - \vec{B}$
3. $\vec{H} = \vec{B} - \mu_0 \vec{M}$
4. $\vec{H} = \vec{B} + \mu_0 \vec{M}$

63. The relation between $\vec{H}$, $\vec{B}$ and $\vec{M}$ representing the magnetic intensity, magnetic field and magnetic dipole moment vectors, respectively, is

1. $\vec{H} = -(\mu_0 \vec{M} + \vec{B})$
2. $\vec{H} = \mu_0 \vec{M} - \vec{B}$
3. $\vec{H} = \vec{B} - \mu_0 \vec{M}$
4. $\vec{H} = \vec{B} + \mu_0 \vec{M}$

64. स्थिर विद्युत विभव निम्न दिया हुआ है ।

$\Phi = 0$ at $x = 0$ and $x = a$

$\Phi = V \quad 0 \leq x \leq a$

तब Φ है, $\Phi = \sum_{n=1}^{\infty} A_n \sin(\alpha x)$ जहाँ α है

1. $\frac{n\pi}{2}$
2. $\frac{n\pi}{a}$
3. $\frac{na}{\pi}$
4. $na/2\pi$

64. The electrostatic potential is given by

$\Phi = 0$ at $x = 0$ and $x = a$

$\Phi = V \quad 0 \leq x \leq a.$

Then Φ is given by $\Phi = \sum_{n=1}^{\infty} A_n \sin(\alpha x)$ where α is

1. $\frac{n\pi}{2}$
2. $\frac{n\pi}{a}$
3. $\frac{na}{\pi}$
4. $na/2\pi$

65. एक आवेश-वितरण Z- अक्ष, जो कि मुख्य अक्ष है, के सममित है । सभी अक्ष-विकर्ण वस्तुओं के टेन्सर-एलीमेन्ट्स Q_{ij} शून्य हैं । दिया हुआ है कि $Q_{11} = 1$, तब

1. $Q_{33} = -2$
2. $Q_{22} = -1$
3. $Q_{33} = 1$
4. $Q_{22} = -2$

